# हे प्रभु आनंद दाता ज्ञान हमको दीजिये प्रार्थना लिरिक्स

हे प्रभु आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये,
शीघ्र सारे दुर्गुणों को,
दूर हमसे कीजिए।bd।

---

लीजिये हमको शरण में,
हम सदाचारी बने,
ब्रह्मचारी धर्म रक्षक,
वीर व्रत धारी बने,
हे प्रभू आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये।bd।

---

निंदा किसी की हम किसी से,
भूल कर भी ना करे,
ईर्ष्या कभी भी हम किसी से,
भूल कर भी ना करे,
हे प्रभू आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये।bd।

---

सत्य बोले झूठ त्यागे,
मेल आपस में करें,
दिव्या जीवन हो हमारा,
यश तेरा गाया करे,
हे प्रभू आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये।bd।

---

जाये हमारी आयु हे प्रभु,
लोक के उपकार में,
हाथ डालें हम कभी ना,
भूल कर अपकार में,
हे प्रभू आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कीजिए हम पर कृपा,
ऐसी हे परमात्मा,
मोह मद मत्सर रहित,
होवे हमारी आत्मा,
हे प्रभू आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये।bd।

प्रेम से हम गुरुजनों की,
नित्य ही सेवा करें,
प्रेम से हम दुखी जनो की,
नित्य ही सेवा करे,
हे प्रभू आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये।bd।

योग विद्या ब्रह्म विद्या,
हो अधिक प्यारी हमें,
ब्रह्म निष्ठा प्राप्त कर के,
सर्व हितकारी बने,
हे प्रभू आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये।bd।

हे प्रभु आनंद दाता,
ज्ञान हमको दीजिये,
शीघ्र सारे दुर्गुणों को,
दूर हमसे कीजिए।bd।

**Upload By – Ram Krishan Choudhary**
**9910672613**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com